AMAR BAL VIDHYA MANDIR SEC. SCHOOL

**B45 – 46 Goverdhanpuri, Galta Gate, Jaipur**

**Email: deavkinandansharma@gmail.com** **Phone: 9828036944**

**www.amarbalvidhyamandirjpr.buzz**

# हिंदी

## वचन

संज्ञा के जिस रूप से किसी व्यक्ति , वस्तु के एक से अधिक होने का या एक होने का पता चले उसे वचन कहते हैं। अथार्त संज्ञा के जिस रूप से संख्या का बोध हो उसे वचन कहते हैं ।

### वचन के भेद :-

1. एकवचन
2. बहुवचन

1. एकवचन क्या होता है :- जिस शब्द के कारण हमें किसी व्यक्ति , वस्तु , प्राणी , पदार्थ आदि के एक होने का पता चलता है उसे एकवचन कहते हैं।

जैसे :- लड़का , लडकी , गाय , सिपाही , बच्चा ।

2. बहुवचन क्या होता है :- जिस विकारी शब्द या संज्ञा के कारण हमें किसी व्यक्ति , वस्तु , प्राणी , पदार्थ आदि के एक से अधिक या अनेक होने का पता चलता है उसे बहुवचन कहते हैं।

जैसे :- लडके , गायें , कपड़े , टोपियाँ

प्र 1. निम्नलिखित एक वचन शब्दों से बहुवचन बनाइये-

(i) जूता जूते =

(ii) तारा - तारे

(iii) लड़का - लडके

(iv) घोडा - घोड़े

(v) बेटा - बेटे

(vi) मुर्गा - मुर्गे

(vii) कपड़ा - कपड़े

(viii) गधा - गधे

(ix) कौआ - कौए

(x) केला - केले

(xi) पेडा - पेडे

(xii) कुत्ता - कुत्ते

(xiii) कमरा - कमरे